# खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 1.02 लाख करोड़ का निवेश करेंगी 26 कंपनियां

**नई दिल्ली।** देश और विदेश की 26 कंपनियों ने घरेलू खाद्य प्रसंस्कण क्षेत्र में 1.02 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए समझौता किया है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की ओर से 25 से 28 सितंबर तक आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया शिखर सम्मेलन के दौरान ये समझौते हुए।

मंत्रालय ने रविवार को कहा, वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 शिखर सम्मेलन अभूतपूर्व पैमाने पर निवेश प्रतिबद्धताओं के साथ संपन्न हुआ। कंपनियों ने कुल 1,02,046.89 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। यह भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में सबसे बड़ी निवेश घोषणाओं में से एक है। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने देशभर में एकीकृत खाद्य विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने के लिए 40,000 करोड़ के समझौते पर हस्ताक्षर किया है। वहीं, कोका-कोला बोतल बनाने वाली तीन कंपनियां 25,760 करोड़ का निवेश करेंगी। एजेंसी

## 10 लाख से ज्यादा लोगों के लिए रोजगार के मौके

मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, 1.02 लाख करोड़ रुपये के निवेश समझौतों से देश में 10 लाख से अधिक लोगों को काम मिलने की उम्मीद है। इनमें से 64,000 से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

■ **यूपी, गुजरात, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर समेत विभिन्न राज्यों में निवेश :** सरकार के साथ समझौतों के तहत 26 देसी और विदेशी कंपनियां देश के विभिन्न राज्यों में निवेश करेंगी। इनमें गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पंजाब, बिहार, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, असम, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित कई राज्य शामिल हैं।